ब न्यायालय भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, बरही, हजारीबाग

दाखिल खारिज अपील वाद संख्या 27 / 2020

तेजनी देवी –बनाम–राज्य

तारिख	–:आदेश एवं पदाधिकारी का हस्ताक्षरः–	अभियुक्ति

आवेदिका तेजनी देवी पति ननकु साव ग्राम दुलमाहा, थाना बरही, जिला हजारीबाग ने आवेदन समर्पित किया है कि मौजा–दुलमाहा, थाना–बरही, थाना नं0 143, जिला हजारीबाग के अन्तर्गत खाता नं0 155, प्लॉट नं0 47, रकबा 5 डी0, प्लॉट सं0 49, रकबा 08 डी0, प्लॉट 51, रकबा 10 डी0, प्लॉट 504, रकबा 03 डी0 भूमि बिक्रेता बिन्देश्वरी पाण्डेय वगै0 से क्रय की गयी है, प्रश्नगत भूमि की दाखिल खारिज हेतु आवेदिका द्वारा अंचल अधिकारी, बरही में ऑनलाईन आवेदन समर्पित किया गया था जिसके आलोक में दाखिल खारिज वाद सं0–684R27/2020-21 द्वारा अंचल अधिकारी, बरही ने दाखिल खारिज को अस्वीकृत कर दिया। आवेदिका द्वारा अंचल अधिकारी, बरही द्वारा पारित आदेश को रद्द करते हुए दाखिल खारिज को स्वीकृत करने का अनुरोध किया गया है।

आवेदिका द्वारा समर्पित दाखिल खारिज वाद सं0–684R27/2020-21 की छायाप्रति में अंचल अधिकारी द्वारा अस्वीकृति का कारण राजस्व कर्मचारी एवं अंचल निरीक्षक के जांच प्रतिवेदन के आलोक में आवेदन अस्वीकृत किया जाता है अंकित है। इस कार्यालय के पत्रांक 249, दिनांक 17.12.2020 द्वारा प्रश्नगत भूमि से संबंधित जांच प्रतिवेदन अंचल अधिकारी बरही से की गयी थी जिसके आलोक में अंचल अधिकारी के पत्रांक 130, दिनांक 03.02.2021 द्वारा प्रतिवेदन प्राप्त हुआ है। जिसमें प्रतिवेदित किया गया है कि मौजा दुलमाहा, खाता नं0 155, प्लॉट नं0 47, रकबा 0.05 ए0, प्लॉट सं0–49, रकबा–0.08 ए0, प्लॉट सं0–51, रकबा–0.10 ए0, प्लॉट सं0–504, रकबा–0.03ए0 कुल रकबा–0.26 ए0 भूमि का स्थलीय जांचोपरान्त वर्तमान में उक्त भूखण्ड पर क्रेता तेजनी देवी, पति–नन्कू साव का दखल धान खेत के रूप में है।

आवेदिका तेजनी देवी को निदेशित किया जाता है कि आवश्यक राजस्व कागजात अंचल अधिकारी, बरही के कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें। साथ ही अंचल अधिकारी, बरही को निदेशित किया जाता है कि प्रश्नगत भूमि पर आवेदिका के दखल कब्जा एवं राजस्व कागजात जांचोपरान्त यदि सही पाया जाता है तो नियमानुसार ऑनलाईन प्रविष्टि करते हुए पंजी–II में प्रश्नगत भूमि की जमाबंदी आवेदिका के नाम से खोलते हुए शुद्धि पत्र एवं ऑनलाईन लगान रसीद निर्गत करना सुनिश्चित किया जाय।

लेखापित एवं संशोधित

19/02/21

भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता
बरही, (हजारीबाग)

19/02/21

भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता
बरही, (हजारीबाग)

ज्ञापांक 111/रा0 बरही, दिनांक 19/02/2021

प्रतिलिपिः– अंचल अधिकारी, बरही को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

19/02/21

भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता
बरही, (हजारीबाग)